राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
E-mail: jdacad1960@gmail.com Ph. 0141-2706550

क्रमांक एफ.7(4)प्रवेश नीति/अकाद/आकाशि/2026-24646-8864577-PF(5) 10117229 दिनांक– ई हस्ताक्षरित

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– स्नातक प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2026–27) के लिए प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में।

सन्दर्भः– विभाग का आदेश क्रमांक राजकाज नं. 23229017 दिनांक 16.07.2026।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि इस कार्यालय के आदेश क्रमांक राजकाज नं. 23229017 दिनांक 16.07.2026 के द्वारा प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों के स्नातक पाठयक्रमों में रिक्त रही सीटों के विरूद्ध ऑफलाईन (Common Admission Form के द्वारा) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम दिनांक 30.07.2026 निर्धारित की गयी थी।

छात्रहित में ऑफलाईन प्रवेश (CAF के द्वारा) की अंतिम तिथि दिनांक 10.08.2026 निर्धारित की जाती है। उक्त विद्यार्थियों के Common Admission Form (CAF) फॉर्म को ऑनलाईन एडमिशन पोर्टल (Promote Action टैब में जाकर CAF Admission Form) पर इन्द्राज करवाया जाना सुनिश्चित करें।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि प्रवेश प्रक्रिया में हुये विलम्ब के कारण शिक्षण कार्य में आये व्यवधान से कार्य दिवसों की क्षतिपूर्ति के लिए प्राचार्य अपने स्तर पर अतिरिक्त कक्षाऐं लगवाकर अकादमिक सत्र में शैक्षणिक कार्य दिवस पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त के संबंध में समाचार पत्र/इलेक्ट्रॉनिक मीडिया/दूरभाष/सोशल मीडिया यथा वाट्सएप आदि के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें।

<u>यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।</u>

(प्रो0 विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, (अकादमिक)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है

1. विशिष्ट सहायक, माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
5. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग, जयपुर।
6. शासन उप सचिव प्रथम, उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर।
7. नोडल अधिकारी, ऑनलाईन प्रवेश, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
8. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु।

संयुक्त निदेशक, (अकादमिक)

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2026.07.30 06:01:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23685987
M e-Sign